रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 12/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु, जल में डूब जाएगी? (जल का घनत्व 1 $g/cm^3$ लीजिए)
(i) 2.5 $g/cm^3$ घनत्व की एक लोहे की कील
(ii) 0.83 $g/cm^3$ घनत्व का एक लोहे का ब्लॉक
(iii) 2 $g/cm^3$ घनत्व की एक लोहे की गेंद

**Ans**
✔ A. (i) और (iii) दोनों
✘ B. केवल (iii)
✘ C. केवल (ii)
✘ D. (i) और (ii) दोनों

**Q.2** मानव मादाओं में निषेचन की विफलता की स्थिति में डिम्बवाहिनी में अंडे की दीर्घायु अवधि कितनी होती है?

**Ans**
✘ A. 3-4 दिन
✔ B. 1-2 दिन
✘ C. 4-5 दिन
✘ D. 6-7 दिन

**Q.3** साबुन में मिसेल के सही गुण का चयन कीजिए जो उन्हें जल के साथ अंतःक्रिया करने में सहायता करता है?

**Ans**
✘ A. जलरागी शीर्ष और जलविरागी पुच्छ दोनों (both hydrophilic head and hydrophobhic tail)
✘ B. जलविरागी पुच्छ (hydrophobic tail)
✘ C. हाइड्रोकार्बन (hydrocarbon)
✔ D. जलरागी शीर्ष (hydrophillic head)

**Q.4** 4 Ω का एक प्रतिरोधक प्रति सेकण्ड 64 J ऊष्मा उत्पन्न करता है। इसके सिरों के बीच विभवांतर कितना है?

**Ans**
✘ A. 16 A
✘ B. 8 V
✔ C. 16 V
✘ D. 64 A

| | | |
|---|---|---|
| **Q.5** | **निम्नलिखित में से कौन-सा ऊतक, पादप को दृढ़ और दुर्नम्य बनाता है?** | |
| **Ans** | ✗ A. वायूतक (Aerenchyma) | |
| | ✗ B. हरित ऊतक (Chlorenchyma) | |
| | ✓ C. दृढ़ोतक (Sclerenchyma) | |
| | ✗ D. स्थूलकोण ऊतक (Collenchyma) | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.6** | **एक पीली चमकदार ज्वाला सामान्यत: निम्नलिखित में से किसका संकेत है?** | |
| **Ans** | ✓ A. अदग्ध कार्बन कणों के साथ अपूर्ण दहन | |
| | ✗ B. धातुओं का दहन | |
| | ✗ C. कार्बन डाइऑक्साइड का निर्माण | |
| | ✗ D. पूर्ण दहन | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.7** | **धातुओं का उनके अयस्कों से निष्कर्षण निम्नलिखित में से क्या कहलाता है?** | |
| **Ans** | ✓ A. धातुकर्म (Metallurgy) | |
| | ✗ B. परिष्करण (Refining) | |
| | ✗ C. खनन (Mining) | |
| | ✗ D. प्रगलन (Smelting) | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.8** | **सगर्भता के दौरान कुपोषित माता में, ______________।** | |
| **Ans** | ✗ A. अधिक दुग्ध का उत्पादन होने की संभावना होती है | |
| | ✓ B. कम वजन वाले बच्चे का जन्म होने की संभावना होती है | |
| | ✗ C. प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होने की संभावना होती है | |
| | ✗ D. प्रसव शीघ्रता से होने की संभावना होती है | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.9** | **आधुनिक मत्स्य-पालन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?** | |
| **Ans** | ✗ A. मत्स्यों को बड़ा करने के लिए एंजाइमों का उपयोग किया जाता है | |
| | ✗ B. तालाबों में मत्स्य-पालन नहीं किया जा सकता है | |
| | ✗ C. सभी मत्स्य डिम्भ नदियों से एकत्र किए जाते हैं | |
| | ✓ D. मत्स्य प्रजनन के लिए हार्मोन्स का उपयोग किया जाता है | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.10** | **दो चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं का एक ही बिंदु पर एक-दूसरे को काटना असंभव क्यों है?** | |
| **Ans** | ✓ A. क्योंकि इसका अर्थ यह होगा कि कम्पास की सुई एक साथ दो दिशाओं में संकेत कर सकती है | |
| | ✗ B. क्योंकि वे चुंबक के अंदर हमेशा समानांतर होती हैं | |
| | ✗ C. क्योंकि वे समान ध्रुवता के कारण एक दूसरे को प्रतिकर्षित करती हैं | |
| | ✗ D. क्योंकि उस बिंदु पर चुंबकीय क्षेत्र की तीव्रता शून्य होगी | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.11** | **60 km/hr के वेग से चलती हुई 1500 kg द्रव्यमान की कार को विराम अवस्था में लाने के लिए आवश्यक कार्य न्यूनतम लगभग कितना है?** | |
| **Ans** | ✗ A. 4.68 × 105 J | |
| | ✓ B. 2.08 × 105 J | |
| | ✗ C. 1.56 × 105 J | |
| | ✗ D. 6.25 × 105 J | |

| | | |
|---|---|---|
| **Q.12** | **मैग्नीशियम ऑक्साइड का परमाणु द्रव्यमान कितना है?** | |
| **Ans** | ✗ A. 32 | |
| | ✗ B. 35 | |
| | ✗ C. 45 | |
| | ✓ D. 40 | |

**Q.13** ऑक्सीजन का परमाण्विक द्रव्यमान कितना है?

**Ans**
✘ A. 8 u
✘ B. 12 u
✔ C. 16 u
✘ D. 18 u

**Q.14** एक प्रकाश किरण उत्तल दर्पण के वक्रता केंद्र से होकर गुजरती है। परावर्तन के बाद इसका क्या होता है?

**Ans**
✘ A. यह फोकस पर अभिसरित हो जाती है।
✘ B. यह अवशोषित हो जाती है।
✔ C. यह उसी पथ पर वापस लौट आती है।
✘ D. यह मुख्य अक्ष के समान्तर हो जाती है।

**Q.15** रिक्तिकाओं (Vacuoles) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

**Ans**
✘ A. रिक्तिकाएं, अमीनो एसिड, शर्करा, कार्बनिक एसिड और प्रोटीन जैसे महत्वपूर्ण पदार्थों का भंडारण करती हैं।
✔ B. रिक्तिकाएँ, कोशिका में प्रोटीन संश्लेषण के लिए होती हैं।
✘ C. पादप की कोशिकाओं में रिक्तिकाएं, कोशिका रस से भरी होती हैं, जो स्फीति और कठोरता प्रदान करने में सहायक होती हैं।
✘ D. पादप कोशिकाओं में आमतौर पर एक बृहत् केन्द्रीय रिक्तिका होता है।

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सी अधातु रासायनिक रूप से अधातु होने के बाद भी धात्विक चमक प्रदर्शित करती है?

**Ans**
✘ A. फॉस्फोरस
✘ B. सल्फर
✘ C. नाइट्रोजन
✔ D. आयोडीन

**Q.17** निम्नलिखित में से क्या केंद्रीय तंत्रिका तंत्र और शरीर के अन्य भागों के बीच संचार को सुगम बनाता है?

**Ans**
✘ A. ऐच्छिक पेशियाँ
✔ B. परिधीय तंत्रिकातंत्र
✘ C. अनैच्छिक पेशियाँ
✘ D. मेरुदंड

**Q.18** निम्नलिखित में से कौन-सा, आयन (ion) का सही वर्णन करता है?

**Ans**
✘ A. एक ऐसा अणु, जिसने न्यूट्रॉनों को ग्रहण या त्याग किया हो
✔ B. वह परमाणु या परमाणुओं का समूह, जिस पर शुद्ध (net) विद्युत आवेश हो
✘ C. एक ऐसा परमाणु, जिसमें न्यूट्रॉनों की तुलना में अधिक प्रोटॉन होते हैं
✘ D. आयनिक आबंधन द्वारा निर्मित एक उदासीन अणु

**Q.19** उस बिंब की स्थिति क्या होनी चाहिए जिसका अवतल दर्पण द्वारा आभासी, सीधा और आवर्धित प्रतिबिंब बनता है?

**Ans**
✘ A. बिंब को फोकस और वक्रता केंद्र के बीच रखना चाहिए
✔ B. बिंब को दर्पण के ध्रुव और फोकस के बीच रखना चाहिए
✘ C. बिंब को दर्पण के वक्रता केंद्र पर रखना चाहिए
✘ D. बिंब को दर्पण के फोकस पर रखना चाहिए

**Q.20** निम्नलिखित में से किस माध्यम में ध्वनि की चाल अधिकतम होती है?

**Ans**
✘ A. जल
✘ B. निर्वात
✘ C. कक्ष ताप पर वायु
✔ D. लोहा

**Q.21** पादप कोशिका में सूत्रकणिका (mitochondria) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
- ✗ A. सूत्रकणिका में एक ही झिल्लीमय आवरण (membranous covering) होता है।
- ✗ B. सूत्रकणिका प्रकाश संश्लेषण करती है।
- ✗ C. सूत्रकणिका का अपना DNA नहीं होता है।
- ✓ D. सूत्रकणिकीय आन्तरिक-झिल्ली (mitochondrial inner membrane) अत्यधिक वलित होती है।

**Q.22** किसी वस्तु की उस गति को क्या कहा जाता है, जो समान समय अंतरालों में समान दूरी तय करती है, भले ही समय अंतराल अत्यधिक कम हों?

**Ans**
- ✓ A. एकसमान गति
- ✗ B. असमान गति
- ✗ C. त्वरित गति
- ✗ D. वृत्तीय गति

**Q.23** निम्नलिखित में से कौन-सा पौधा, एकलिंगी है?

**Ans**
- ✗ A. मटर
- ✗ B. चाइना रोज़
- ✗ C. सरसों
- ✓ D. पपीता

**Q.24** पैकेज्ड खाद्य पदार्थों को खराब होने से बचाने के लिए प्रायः किस गैस की फ्लशिंग (Flushing) को प्राथमिकता दी जाती है?

**Ans**
- ✗ A. डाइनाइट्रोजन ट्राइऑक्साइड
- ✗ B. नाइट्रिक ऑक्साइड
- ✗ C. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
- ✓ D. नाइट्रोजन

**Q.25** गति के प्रथम नियम के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?

**Ans**
- ✓ A. जब एक कार अचानक रुक जाती है, तो भी व्यक्ति आगे बढ़ना जारी रखता है।
- ✗ B. ऊपर की ओर प्रक्षेपित होता एक रॉकेट।
- ✗ C. गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में स्वतंत्र रूप से गिरता हुआ एक पत्थर।
- ✗ D. इंजन चालू होने पर एक कार त्वरित हो जाती है।

## Section : Mathematics

**Q.26** एक धनराशि को एक निश्चित साधारण ब्याज की दर से 9 वर्षों के लिए निवेश किया गया है। यदि इसे 8% अधिक वार्षिक ब्याज दर पर निवेश किया जाता, तो ₹7,992 अधिक प्राप्त होते। मूलधन ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹12,200
- ✗ B. ₹10,200
- ✗ C. ₹11,200
- ✓ D. ₹11,100

**Q.27** $\frac{1}{20}$, $\frac{9}{90}$ का कितना प्रतिशत है?

**Ans**
- ✗ A. 100%
- ✗ B. 60%
- ✗ C. 65%
- ✓ D. 50%

| | |
|---|---|
| Q.28 | $54x^2$ और 18xy का तृतीयानुपाती कितना है? |
| Ans | ✗ A. 5y2 |
| | ✗ B. 7y2 |
| | ✓ C. 6y2 |
| | ✗ D. 4y2 |

| | |
|---|---|
| Q.29 | सोहन ने रोनक को 28% के लाभ पर एक पानी की बोतल बेची। रोनक ने राहुल को 12.5% के लाभ पर पानी की बोतल बेची। यदि राहुल ने पानी की बोतल के लिए ₹288 का भुगतान किया, तो सोहन ने इसे कितने में खरीदा था? |
| Ans | ✗ A. ₹150 |
| | ✓ B. ₹200 |
| | ✗ C. ₹220 |
| | ✗ D. ₹180 |

| | |
|---|---|
| Q.30 | 18, 54 और 72 का महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 6 |
| | ✓ B. 18 |
| | ✗ C. 27 |
| | ✗ D. 12 |

| | |
|---|---|
| Q.31 | उस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसकी दो लंबवत भुजाओं की लंबाई 4 cm और 5 cm है। |
| Ans | ✗ A. 20 cm2 |
| | ✗ B. 25 cm2 |
| | ✗ C. 30 cm2 |
| | ✓ D. 10 cm2 |

| | |
|---|---|
| Q.32 | $\frac{(2x^2y^{-1})^3}{(4xy)^4} \times \frac{(4x^{-3}y^4)^3}{(2x^2y)^3}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. $\frac{y^2}{x^{11}}$ |
| | ✓ B. $\frac{y^2}{4x^{13}}$ |
| | ✗ C. $\frac{3y^2}{2x^{11}}$ |
| | ✗ D. $\frac{y^2}{2x^{13}}$ |

| | |
|---|---|
| Q.33 | एक बड़ी दीवार घड़ी की मिनट वाली सुई 63 cm लंबी है। $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करके 11 सेकंड में मिनट वाली सुई के सिरे द्वारा बनाए गए चाप की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 1.59 |
| | ✗ B. 1.74 |
| | ✓ C. 1.21 |
| | ✗ D. 1.10 |

| | |
|---|---|
| Q.34 | यदि ₹6,250 अंकित मूल्य वाली वस्तु को ₹250 में बेचा जाता है, तो छूट प्रतिशत कितना है? |
| Ans | ✓ A. 96% |
| | ✗ B. 98% |
| | ✗ C. 95% |
| | ✗ D. 97% |

**Q.35** एक वॉशिंग मशीन की कीमत, एक टीवी की कीमत से 75% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत 72% बढ़ जाती है और टीवी की कीमत 20% कम हो जाती है, तो 4 वॉशिंग मशीन और 3 टीवी की कुल कीमत में प्रतिशत परिवर्तन क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 1% की कमी
- ✓ B. 3% की वृद्धि
- ✗ C. 6% की वृद्धि
- ✗ D. 8% की कमी

**Q.36** $[3 \div 2 \times (7-2)] - (3 \div 2 \text{ of } 6) - 2$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 5.75
- ✓ B. 5.25
- ✗ C. 6.25
- ✗ D. 4.75

**Q.37** 10 वर्ष बाद, A की आयु, B की 10 वर्ष पूर्व की आयु से दोगुनी होगी। यदि A, B से 9 वर्ष बड़ा है, तो A की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 38 वर्ष
- ✓ B. 48 वर्ष
- ✗ C. 40 वर्ष
- ✗ D. 44 वर्ष

**Q.38** यदि A : B = 4 : 6 और B : C = 7 : 11 है, तो A : B : C ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 14 : 21 : 33
- ✗ B. 4 : 31 : 21
- ✗ C. 11 : 23 : 40
- ✗ D. 4 : 12 : 33

**Q.39** एक विक्रेता एक स्कूटी के विज्ञापित मूल्य पर 24% की छूट देने के बाद भी 52% का लाभ अर्जित करता है। यदि उसे स्कूटी की बिक्री पर ₹6,526 का लाभ होता है, तो विज्ञापित मूल्य (₹ में) कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 25,103
- ✓ B. 25,100
- ✗ C. 25,065
- ✗ D. 25,132

**Q.40** 290-मीटर-लंबी रेलगाड़ी अपनी लंबाई से तीन गुना लंबे प्लेटफार्म को 29 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल (km/hr में) कितनी होगी?

**Ans**
- ✗ A. 153
- ✓ B. 144
- ✗ C. 147
- ✗ D. 138

**Q.41** A और B मिलकर एक काम 6 दिनों में कर सकते हैं। B अकेले उसी काम को 14 दिनों में कर सकता है। A अकेले उस काम का दोगुना काम करने में कितना समय (दिनों में) लेगा?

**Ans**
- ✗ A. 22
- ✓ B. 21
- ✗ C. 10.5
- ✗ D. 24

Q.42 प्रेक्षणों 27, 36, 12, 24, 48, 59, 60, 80 और 14 का समांतर माध्य ............... है।

Ans

- ✗ A. 38
- ✗ B. 36
- ✓ C. 40
- ✗ D. 31

Q.43 एक हेलीकॉप्टर 575 m की ऊँचाई पर उड़ रहा है। जमीन पर खड़ा एक व्यक्ति इसे 30° के उन्नयन कोण पर देखता है। उस व्यक्ति से हेलीकॉप्टर के ठीक नीचे जमीन पर स्थित बिंदु की क्षैतिज दूरी कितनी है?

($\sqrt{3} = 1.73$ लीजिए)

Ans

- ✓ A. 994.75 m
- ✗ B. 895.75 m
- ✗ C. 896.75 m
- ✗ D. 990.75 m

Q.44 यदि किसी संख्या के $\frac{2}{3}$ के 60% का 10%, 841 है तो संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans

- ✓ A. 21025
- ✗ B. 20110
- ✗ C. 21500
- ✗ D. 22530

Q.45 एक त्रिभुज की भुजाएँ 24 cm, 32 cm और 40 cm हैं। 32 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसके शीर्षलंब की लंबाई कितनी है?

Ans

- ✗ A. 55 cm
- ✓ B. 24 cm
- ✗ C. 33 cm
- ✗ D. 43 cm

Q.46 $(x+7)^2$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans

- ✗ A. $x^2+7x+49$
- ✗ B. $x^2+49$
- ✗ C. $x^2+2x+49$
- ✓ D. $x^2+14x+49$

Q.47 दो संख्याओं के बीच का अंतर 92 है। दोनों संख्याओं का अनुपात 7: 3 है। दोनों संख्याओं में से छोटी संख्या कौन-सी है?

Ans

- ✗ A. 79
- ✗ B. 63
- ✗ C. 96
- ✓ D. 69

Q.48 60 cm × 45 cm × 40 cm के आकार वाले एक आयताकार अक्वेरियम में उसकी ऊँचाई का 80% पानी भरा है। यदि 20 cm के कोर वाला एक ठोस धातु का घन पूरी तरह से उसमें डूबाया जाता है, तो पानी का स्तर कितना ऊपर उठ जाएगा (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)?

Ans

- ✓ A. 2.96 cm
- ✗ B. 2.76 cm
- ✗ C. 2.56 cm
- ✗ D. 2.36 cm

**Q.49** पाइप P एक टैंक का $\frac{2}{5}$ भाग 42 घंटे में भर सकता है और पाइप Q उसी टैंक का $\frac{2}{5}$ भाग 30 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों पाइपों को 5 घंटे तक खुला रखने के बाद दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर केवल पाइप R को खोला जाता है जो टैंक के पानी को 12 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

**Ans**
- ✗ A. 92 घंटे
- ✓ B. 75 घंटे
- ✗ C. 94 घंटे
- ✗ D. 71 घंटे

**Q.50** एक कक्षा के 93 विद्यार्थियों ने भौतिकी की परीक्षा दी। 10 विद्यार्थियों का औसत स्कोर 90 था। शेष विद्यार्थियों का औसत स्कोर 75 था। पूरी कक्षा का औसत स्कोर (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित) कितना है?

**Ans**
- ✗ A. 71.8
- ✗ B. 86.7
- ✗ C. 74.9
- ✓ D. 76.6

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.51** एक निश्चित कूट भाषा में,

A ? B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A = B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A √ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।

यदि 'C √ D ? E @ F = L' है, तो C का L से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✗ A. माता
- ✓ B. पुत्री
- ✗ C. बहन
- ✗ D. पत्नी

**Q.52** संख्या 3412687 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित करने पर बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योग क्या होगा?

**Ans**
- ✗ A. 6
- ✗ B. 8
- ✗ C. 11
- ✓ D. 9

**Q.53** काव्या अपनी कक्षा में ऊपर से 32वें स्थान पर और नीचे से 15वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**
- ✗ A. 36
- ✗ B. 35
- ✓ C. 46
- ✗ D. 40

**Q.54** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ रॉबिन, पेंगुइन हैं।
सभी पेंगुइन, मैगपाई हैं।
सभी मैगपाई, चील हैं।

निष्कर्ष :
(I): सभी पेंगुइन, चील हैं।
(II): कुछ मैगपाई, रॉबिन हैं।

**Ans**
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✓ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

**Q.55** निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 4 5 5 4 3 8 3 2 8 2 4 4 5 8 2 6 4 9 7 8 4 2 2 9 6 1 3 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद एक सम संख्या है?

**Ans**
- ✗ A. 3
- ✓ B. 2
- ✗ C. 1
- ✗ D. 4

**Q.56** निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक ग्रुप एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले ग्रुप से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

LAKE - ALKE - EKAL
UGLY - GULY - YLGU

**Ans**
- ✗ A. PLAY - PALY - YALP
- ✓ B. SINK - ISNK - KNIS
- ✗ C. MEAT - EMAT - TEAM
- ✗ D. RUNS - URNS - UNSR

**Q.57** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'hold it together' को 'gt df za' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'do it together' को 'kl df za' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'hold' को कैसे कूटबद्ध किया गया है?

(सभी कूट दो-अक्षर वाले कूट हैं)

**Ans**
- ✗ A. za
- ✓ B. gt
- ✗ C. kl
- ✗ D. df

**Q.58** सात डिब्बे, M, N, O, P, Q, R और S, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन ज़रूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। N के नीचे केवल तीन डिब्बे रखे हैं। N और P के बीच केवल दो डिब्बे रखे हैं। O के ऊपर केवल Q रखा है। S, R के नीचे किसी स्थान पर और M के ऊपर किसी स्थान पर रखा है। नीचे से दूसरे स्थान पर कौन सा डिब्बा रखा है?

**Ans**
- ✓ A. M
- ✗ B. S
- ✗ C. P
- ✗ D. O

**Q.59** श्री अकाई बिंदु A से शुरू होकर उत्तर दिशा में 16 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं, 14 km गाड़ी चलाते हैं, फिर बाएं मुड़ते हैं और 19 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं और 30 km गाड़ी चलाते हैं। अंत में वे बाएं मुड़ते हैं, 3 km गाड़ी चलाते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans
- ✗ A. पूर्व में 16 km
- ✓ B. पश्चिम में 16 km
- ✗ C. उत्तर में 12 km
- ✗ D. दक्षिण में 20 km

**Q.60** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
कुछ फल, सब्जी हैं।
सभी सब्जी, जानवर हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ जानवर, फल हैं।
(II): कुछ फल, जानवर नहीं हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✓ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

**Q.61** संख्या 2716495 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएँ से पहले और दाएँ से पहले अंकों का योग क्या होगा?

Ans
- ✓ A. 10
- ✗ B. 9
- ✗ C. 12
- ✗ D. 7

**Q.62** निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 5 7 1 8 4 2 3 9 5 7 6 1 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएं (बाएं से दाएं) हैं, जिनके ठीक बाद विषम संख्याएं हैं?

Ans
- ✗ A. तीन से अधिक
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✓ D. दो

**Q.63** सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के बाईं ओर केवल एक व्यक्ति बैठा है। E और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D के ठीक दाईं ओर पड़ोस में C बैठा है। A के ठीक बाईं ओर पड़ोस में G बैठा है। F और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। A और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 1
- ✓ B. 4
- ✗ C. 2
- ✗ D. 3

| | | |
|---|---|---|
| Q.64 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) | |
| Ans | ✗ A. XO – UA<br>✓ B. PG – NS<br>✗ C. WN – TZ<br>✗ D. VM – SY | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.65 | HO 2 का संबंध एक निश्चित तरीके से IJ −12 से है। इसी प्रकार, FI 5 का संबंध GD −9 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से HU 3 का संबंध किससे है? | |
| Ans | ✗ A. JQ −13<br>✗ B. JP −13<br>✓ C. IP −11<br>✗ D. IQ −11 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.66 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 7 $ 5 @ 3 ! 3 5 6 7 & % $ 3 # 2 7 + ? > < (दाएं)<br><br>यदि श्रृंखला से सभी संख्याएँ हटा दी जाएँ, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, दाईं ओर से सातवें स्थान पर होगा? | |
| Ans | ✗ A. @<br>✓ B. %<br>✗ C. $<br>✗ D. # | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.67 | O, P, Q, R, W, X और Y एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>P के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Q के दाईं ओर केवल R बैठा है। Q और O के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। X, Y के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन W के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।<br>W और Y के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? | |
| Ans | ✓ A. तीन<br>✗ B. दो<br>✗ C. एक<br>✗ D. चार | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.68 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'star bag magic' को 'bk kk sm' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'wheat star poem' को 'kk tj ew' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'star' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है? | |
| Ans | ✓ A. kk<br>✗ B. bk<br>✗ C. tj<br>✗ D. sm | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.69 | नीचे दी गई संख्या श्रृंखला को देखिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br>(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।)<br><br>(बाएं) 1 1 4 3 4 8 2 5 2 4 8 3 1 3 8 3 3 4 3 2 8 9 7 3 4 2 8 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक सम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक सम संख्या है? | |
| Ans | ✗ A. 4<br>✗ B. 2<br>✓ C. 3<br>✗ D. 5 | |

Q.70 O, P, Q, R, W, X और Y एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। W और Y के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Y के ठीक बाईं ओर पड़ोस में P बैठा है। Q के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। Q और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। O के ठीक दाईं ओर पड़ोस में X बैठा है।
R और X के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✔ A. दो
- ✘ B. चार
- ✘ C. एक
- ✘ D. तीन

Q.71 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

OSO−SWS
IMI−MQM

Ans
- ✘ A. QTO−UYU
- ✘ B. QUQ−TYT
- ✘ C. QTO−TXT
- ✔ D. QUQ−UYU

Q.72 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(25, 21, 38)
(43, 39,56)

Ans
- ✘ A. (9, 5, 24)
- ✘ B. (32, 36, 53)
- ✘ C. (39, 35, 18)
- ✔ D. (26, 22, 39)

Q.73 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?
BJR 18 CKS 20 DLT 22 EMU 24 ?

Ans
- ✘ A. GPV 26
- ✔ B. FNV 26
- ✘ C. FOW 26
- ✘ D. GOY 26

Q.74 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

8 10 7 12 ‘?’ 16

Ans
- ✘ A. 4
- ✔ B. 5
- ✘ C. 11
- ✘ D. 10

Q.75 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

17 24 38 59 87 ?

Ans
- ✘ A. 121
- ✘ B. 120
- ✘ C. 123
- ✔ D. 122

**Q.76** यदि संख्या 7362984 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बायीं ओर से दूसरे तथा दायीं ओर से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 8
- ✗ B. 11
- ✓ C. 10
- ✗ D. 9

**Q.77** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
42 55 68 81 94 ?

**Ans**
- ✗ A. 105
- ✗ B. 125
- ✗ C. 95
- ✓ D. 107

**Q.78** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

CKT60, GMS54, KOR48, ?

**Ans**
- ✗ A. PRR41
- ✗ B. ORQ42
- ✓ C. OQQ42
- ✗ D. PQR41

**Q.79** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✓ A. UUX
- ✗ B. CBF
- ✗ C. KJN
- ✗ D. VUY

**Q.80** शहर K, शहर L के पूर्व में है। शहर M, शहर K के दक्षिण में है। शहर N, शहर M के पश्चिम में है। शहर O, शहर N के उत्तर में है। शहर L, शहर O के उत्तर-पश्चिम में है। शहर O के सापेक्ष शहर K की स्थिति क्या है?

**Ans**
- ✗ A. उत्तर-पश्चिम
- ✗ B. दक्षिण पश्चिम
- ✓ C. उत्तर-पूर्व
- ✗ D. दक्षिण पूर्व

## Section : General Awareness and Current Affairs

**Q.81** जून 2025 में निम्नलिखित में से किस पोर्टल ने विभिन्न मंत्रालयों की कई कृषि योजनाओं को एकीकृत किया?

**Ans**
- ✗ A. फार्मवन (FarmOne)
- ✗ B. एग्रीकनेक्ट (AgriConnect)
- ✗ C. किसान सेतु (Kisan Setu)
- ✓ D. कृषि निवेश (Krishi Nivesh)

Q.82 डेफकनेक्ट 2024 (DefConnect 2024) में घोषित ADITI (एसिंग डेवलपमेंट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज) योजना के अंतर्गत, रक्षा प्रौद्योगिकियों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कितनी राशि आवंटित की गई?

Ans
- ✗ A. ₹500 करोड़
- ✗ B. ₹250 करोड़
- ✓ C. ₹750 करोड़
- ✗ D. ₹1,000 करोड़

Q.83 भारत के निम्नलिखित में से किस शहर ने स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल-आधारित हरित अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया, जिसने मार्च 2025 में परीक्षण उत्पादन का पहला बैच शुरू किया?

Ans
- ✗ A. मैसूर
- ✓ B. इंदौर
- ✗ C. चंडीगढ़
- ✗ D. चेन्नई

Q.84 जून 2025 में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने वित्त वर्ष 26 के लिए औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) मुद्रास्फीति कितने प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है?

Ans
- ✗ A. 3.1%
- ✓ B. 3.7%
- ✗ C. 3.5%
- ✗ D. 4.1%

Q.85 निम्नलिखित में से किस संगठन ने आयकर दाखिल करने को आसान बनाने के लिए 2025 में 'डिजिटल टैक्सपेयर इंटरफेस सिस्टम' (DTIS) लॉन्च किया?

Ans
- ✗ A. GST परिषद
- ✗ B. भारतीय रिजर्व बैंक
- ✗ C. नीति (NITI) आयोग
- ✓ D. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT)

Q.86 फरवरी 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत सरकार के केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने वन मंजूरी के त्वरित प्रसंस्करण के लिए किस प्लेटफॉर्म पर नई सुविधाएँ विकसित की हैं?

Ans
- ✗ A. परिवर्तन 2.0 (PARIVARTAN 2.0)
- ✗ B. इकोसिया 2.0 (Ecosia 2.0)
- ✗ C. समर्पण 2.0 (SAMARPAN 2.0)
- ✓ D. परिवेश 2.0 (PARIVESH 2.0)

Q.87 विश्व सामाजिक शिखर सम्मेलन (सामाजिक विकास के लिए दूसरा शिखर सम्मेलन) 4 से 6 नवंबर 2025 तक कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
- ✗ A. न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका
- ✗ B. जिनेवा, स्विट्जरलैंड
- ✓ C. दोहा, कतर
- ✗ D. नैरोबी, केन्या

Q.88 एशियाई उत्पादकता संगठन की मई 2025 की बैठक के दौरान, भारत ने कौन-सी नेतृत्वकारी भूमिका निभाई?

Ans
- ✗ A. 2025-26 के लिए उपाध्यक्ष (Vice-Chair)
- ✗ B. महासचिव (Secretary-General) के रूप में निर्वाचित
- ✗ C. सचिवालय को नई दिल्ली स्थानांतरित करने की घोषणा
- ✓ D. 2025-26 के लिए अध्यक्षता (Chairmanship)

**Q.89** 16 मई 2025 को सर्वोच्च न्यायालय ने किस प्रकार की पर्यावरणीय मंजूरी की अनुमति देने वाले सरकारी प्रावधानों को रद्द कर दिया?

**Ans**
- ✗ A. अविचारित स्वीकृत मंजूरियाँ
- ✗ B. लघु-स्तरीय परियोजनाओं के लिए मंजूरियाँ
- ✓ C. पूर्वव्यापी पर्यावरणीय मंजूरियाँ
- ✗ D. त्वरित मंजूरियाँ

**Q.90** अक्टूबर 2025 में जारी निम्नलिखित में से किस रिपोर्ट में कहा गया है कि मानव-जनित PM2.5 प्रदूषण 2022 में भारत में 1.7 मिलियन से अधिक मौतों के लिए जिम्मेदार था?

**Ans**
- ✗ A. विश्व स्वास्थ्य संगठन वायु गुणवत्ता मूल्यांकन रिपोर्ट, 2025 (The World Health Organization Air Quality Assessment Report, 2025)
- ✓ B. स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन पर लैंसेट काउंटडाउन (The Lancet Countdown on Health and Climate Change)
- ✗ C. वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य पर UNEP वैश्विक मूल्यांकन रिपोर्ट (The UNEP Global Assessment Report on Air Pollution and Health)
- ✗ D. भारत राज्य पर्यावरण एवं स्वास्थ्य स्थिति अवलोकन रिपोर्ट, 2025 (India State of Environment and Health Overview Report, 2025)

**Q.91** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 में पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?

**Ans**
- ✗ A. अलेक्जेंडर ज्वेरेव (Alexander Zverev)
- ✓ B. जैनिक सिनर (Jannik Sinner)
- ✗ C. कार्लोस अल्काराज (Carlos Alcaraz)
- ✗ D. नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic)

**Q.92** नवंबर 2025 में, नरेंद्र मोदी ने किस भारतीय राज्य के नवा रायपुर में ब्रह्मा कुमारियों के आध्यात्मिक शिक्षा, शांति और ध्यान के लिए एक आधुनिक केंद्र 'शांति शिखर' का उद्घाटन किया?

**Ans**
- ✗ A. झारखंड
- ✗ B. ओडिशा
- ✗ C. मध्य प्रदेश
- ✓ D. छत्तीसगढ़

**Q.93** 21 मई 2025 को भारतीय नौसेना ने कारवार नौसेना बेस में विशिष्ट रूप से निर्मित प्राचीन स्टिच्ड जहाज (Ancient Stitched Ship) को आधिकारिक तौर पर शामिल किया। कौन-सी IIT, इसका तकनीकी साझेदार है?

**Ans**
- ✗ A. IIT हैदराबाद
- ✗ B. IIT खड़गपुर
- ✓ C. IIT मद्रास
- ✗ D. IIT कानपुर

**Q.94** फिट इंडिया कार्निवल (Fit India Carnival), 2025 का उद्घाटन किसने किया?

**Ans**
- ✗ A. अनुराग ठाकुर
- ✗ B. नरेंद्र मोदी
- ✓ C. मंसुख मंडाविया
- ✗ D. अमित शाह

**Q.95** क्रिकेट के संदर्भ में ICC का पूर्ण रूप क्या है?

**Ans**
- ✗ A. Indian Cricket Council (इंडियन क्रिकेट काउंसिल)
- ✗ B. International Cricket Confederation (इंटरनेशनल क्रिकेट कन्फेडरेशन)
- ✗ C. International Council for Cricket (इंटरनेशनल काउंसिल फॉर क्रिकेट)
- ✓ D. International Cricket Council (इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल)

**Q.96** 2025 में, किस राष्ट्र ने इकोनॉमिक कम्यूनिटी ऑफ सेंट्रल अफ्रीकन स्टेट्स (ECCAS) से अपनी वापसी की घोषणा की?

**Ans**

- ✗ A. बुरुंडी
- ✗ B. कैमरून
- ✓ C. रवांडा
- ✗ D. गैबन

**Q.97** परिवार दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के तहत अपनी नई स्क्रीनिंग पहल के माध्यम से पुडुचेरी 2025 में निम्नलिखित में से किस प्रमुख स्वास्थ्य मुद्दे को लक्षित कर रहा है?

**Ans**

- ✗ A. डेंगू
- ✗ B. मलेरिया
- ✓ C. क्षय रोग
- ✗ D. मधुमेह

**Q.98** केंद्रीय बजट 2025-26 में भारतीय भाषा की पुस्तकों को डिजिटल रूप में बढ़ावा देने के लिए घोषित योजना का नाम क्या है?

**Ans**

- ✗ A. विद्या वाणी प्रोजेक्ट (Vidya Vani Project)
- ✓ B. भारतीय भाषा पुस्तक स्कीम (Bharatiya Bhasha Pustak Scheme)
- ✗ C. भाषा शिक्षा अभियान (Bhasha Shiksha Abhiyan)
- ✗ D. डिजिटल भारत ग्रंथ स्कीम (Digital Bharat Granth Scheme)

**Q.99** इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, मॉड्यूल और सब-असेंबली के विनिर्माण के लिए भारत के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी सरकारी स्कीम शुरू की गई थी?

**Ans**

- ✓ A. इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेंट मेन्युफैक्चरिंग स्कीम
- ✗ B. मेक इन इंडिया इनीशिएटिव
- ✗ C. प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (PLI) स्कीम
- ✗ D. डिजिटल इंडिया प्रोग्राम

**Q.100** 2025 में निशानेबाजी के लिए किस कोच को द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किया गया?

**Ans**

- ✗ A. सुभाष राणा
- ✓ B. दीपाली देशपांडे
- ✗ C. एस मुरलीधरन
- ✗ D. संदीप सांगवान

"